दिनांकः 02.02.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय बजट पर मीडिया से बातचीत में इसे आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की प्रतिबद्धता को साकार करने वाला बताया।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– केन्द्रीय बजट में उत्तर–पश्चिम रेलवे के लिये 10 हजार 228 करोड़ रूपये का प्रावधान।
- संसद के दोनों सदनों में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई।

और

- मौसम विभाग ने बांसवाड़ा, बारां और भीलवाड़ा ज़िले के लिये बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेन्ज अलर्ट जारी।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय बजट को नए भारत का निर्माण और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की प्रतिबद्धता को साकार करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में नए भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के साथ–साथ अंतिम व्यक्ति को आगे लाने की प्रतिबद्धता का भी पूरा ध्यान रखा गया है। श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री कार्यालय में बजट पर मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति केन्द्रित इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, स्टार्टअप को बढ़ावा देने और सर्विस सेक्टर पर फोकस बढ़ाने वाले प्रावधान किए गए हैं।

-------------------------

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक भागीदारी को मजबूत करने, कृषि अवसंरचना और बाजार तक किसानों की पहुंच बढ़ाने और जोखिम घटाने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि बजट ने देश के छोटे–बड़े उद्योगों, मैन्युफैक्चरर्स, कारीगरों और कामगारों को वैश्विक बाजार में जगह बनाने के लिए नई दिशा दिखाई है। बायो फार्मा, केमिकल्स, टेक्सटाइल, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट जैसे क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत का आह्वान किया कि कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर की हैवी मशीनरी के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बजट में लाई गई विशेष योजना का लाभ लेते हुए राजस्थान के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अपनी इकाइयां लगाएं। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश के निर्यातकों को नए खुल रहे बाजारों में निर्यात बढ़ोतरी के अवसर भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजस्थान की संभावनाओं और आवश्यकताओं को पूरा स्थान मिला है। अक्षय ऊर्जा के लिए 30 प्रतिशत ज्यादा करीब 32 हजार 914 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसी प्रकार पीएम सूर्यघर योजना को 22 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं।

---------------------

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में सेमीकंडक्टर नीति, एआईएमएल नीति और डेटा सेंटर नीति लागू की हैं। इसलिए इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, इलेक्ट्रोनिक कॉम्पोनेन्ट मेनुफेक्चरिंग स्कीम, डेटा सेंटर और क्लाउड सर्विसेज को दिए गए इंसेंटिव्स का फायदा लेते हुए सेमीकंडक्टर और डेटा सेंटर हब बनने के लिए प्रदेश पूरी तरह तैयार है।

000

कल पेश हुए केंद्रीय बजट में उत्तर पश्चिम रेलवे के लिए 10 हज़ार 228 करोड़ का प्रावधान किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जयपुर के संवाददातों को यह जानकारी

दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान को अब रेलवे के लिये मिली राशि 2013 में मिलने वाले बजट की तुलना में करीब 15 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 85 स्टेशनों का नव निर्माण किया जा रहा है । श्री वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में 56 हजार करोड़ लागत के रेलवे प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं। प्रदेश में विद्युतीकरण का कार्य अब लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ समय में कई महत्वपूर्ण ट्रेनें चलाई गई हैं।
उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक अमिताभ ने बताया कि जोन में 1500 से अधिक किमी के रेल लाइनों के कार्य जारी हैं, वहीं 1500 किमी के स्वीकृति के प्रस्ताव भेजे गए है। इसके अलावा 2 हज़ार किमी रेल लाइन का सर्वे का कार्य भी चल रहा। उन्होंने बताया कि 4 स्टेशन पुनर्निर्माण के बाद उद्घाटन के लिए तैयार हैं। आने वाले 2 माह में 10 और स्टेशन उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएंगे।

000

संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। लोकसभा में चर्चा के लिए कुल 18 घंटे और राज्यसभा में 16 घंटे निर्धारित किये गए हैं। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए केन्द्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सर्बानंद सोनोवाल ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को महत्वपूर्ण बताया। इस दौरान, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में राहुल गांधी की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने सदन के नियमों का उल्लंघन किया है और उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। श्री रिजिजू ने आरोप लगाया कि भारतीय सशस्त्र बलों पर राहुल गांधी की टिप्पणियां अनुचित है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने यह निर्देश दिया है कि पत्रिकाओं या समाचार पत्रों के लेखों को सदन में उद्धृत नहीं किया जा सकता है और सदन में बहस कानूनों के अनुसार होनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि इस निर्देश के बावजूद विपक्ष के नेता का सदन में इस मुद्दे को उठाने पर अड़े रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस दौरान सदन में देर तक हंगामा रहा जिसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की मुख्य जिम्मेदारी सरपंचों की है। वे आज जयपुर में वीबी जी राम जी लागू करने पर सरपंच संघ की ओर से आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंच ग्रामीण विकास की वह मजबूत कड़ी हैं, जिनसे जनता को सबसे अधिक उम्मीदें होती हैं। उन्होंने सरपंचों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गांव की समस्याओं का समाधान और विकास की नीतियां उनके सहयोग के बिना पूरी नहीं हो सकती।

---------------

श्री शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाते हुए उन्हें प्रशासक नियुक्त किया है ताकि विकास की गति बनी रहे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मनरेगा का बकाया पैसा भी जल्द जारी कर दिया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से निस्तारण करने और कार्यों का फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनसेवा में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

युवा कार्य और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 का शुभारंभ किया। श्री मांडविया ने कहा कि इसके माध्यम से सरकार युवाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। डॉ. मांडविया ने बताया कि प्रतियोगिता का पहला चरण 'माई भारत' पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं के लिए 17 फरवरी तक खुला रहेगा।
इसके बाद प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन किया जाएगा और वे 17 फरवरी से 3 मार्च तक चलने वाले दूसरे निबंध लेखन चरण में शामिल होंगे। इस चरण में युवाओं को विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप केंद्रीय बजट से संबंधित आठ विषय दिए जाएंगे। प्रतियोगिता की

योग्यता सूची 10 मार्च को घोषित की जाएगी। विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद करने का अवसर भी मिलेगा।

000

झालावाड़ पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन राइड के तहत सरकारी भर्ती परीक्षाओं में रोडवेज की निशुल्क यात्रा योजना में हो रहे फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि इस घोटाले को बस सारथी, परिचालक और रोडवेज की मिलीभगत से अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने पुष्टि की है कि मामले की गहन जांच की जा रही है ताकि सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

----------------

000

मौसम विभाग ने आज बांसवाड़ा, बारां और भीलवाड़ा ज़िले के लिये बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है। वहीं राज्य के उत्तर–पश्चिमी और पूर्वी भागों में आगामी दो–तीन दिन घना कोहरा रहने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कुछ हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही राज्य के पूर्वी इलाकों में कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है।

--------------

इस बीच प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ जगह हल्की बारिश हुई है। चित्तौड़गढ़ के भैंसरोड़गढ़ में 13 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई।

000